भारत डायनामिक्स लिमिटेड

(रक्षा मंत्रालयाधीन, भारत सरकार का उपक्रम)

निगम कार्यालय : गच्ची बाउली, हैदराबाद

बीडीएल/104/बीडी-सीसी/06 1 नवंबर, 2023

## प्रेस विज्ञप्ति

# सतर्कता जागरूकता के लिए बीडीएल ने किया 'वॉकथॉन' का आयोजन









समाज के विभिन्न स्तरों के जनता में सतर्कता जागरूकता लाने के उद्देश्य से भारत डायनमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने 31 अक्तूबर 2023 को संगारेड्डी जिले के शंकरपल्ली नगरपालिका में एक 'वॉकथॉन' का आयोजन किया।

समाज कल्याण छात्रावास का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्र, शंकरपल्ली पुलिस चौकी के कर्मी, बीडीएल भानूर इकाई से जुड़े सी आई एस एफ यूनिट के कर्मी, बीडीएल के कर्मचारी, स्थानीय नेता और आम जनता ने वॉकथॉन में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

वॉकथॉन का उद्घाटन श्री पी वी राजा राम,निदेशक(उत्पादन), बीडीएल के संबोधन से हुआ जिसमें उन्होनें भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के बारे में अपने विचार रखे। एल किशन, महाप्रबंधक एवं इकाई प्रधान, भानूर इकाई, एस गोविंदराजुलू, अपर महाप्रबंधक (सतर्कता), बीडीएल, विनायक रेड्डी, सर्कल इंस्पेक्टर,शंकरपल्ली पुलिस स्टेशन और अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर प्रतिभागियों को सत्यनिष्ठ प्रतिज्ञा एवं राष्ट्रीय एकता दिवस प्रतिज्ञा भी दिलाई गई।

वॉकथॉन का आयोजन 'रन फॉर यूनिटी' के साथ हुआ,जो सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में कंपनी द्वारा मनाए गए राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर किया गया।

---XXX---